तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025




12 बिलाईगढ़ में तेंदूपत्ता संग्राहकों का भुगतान ...



13 40 से अधिक कराते खिलाड़ी भाटापारा में दिखाएंगे जौहर



## खबर संक्षेप



### राखियों से सजा पलारी बाजार

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी इन दिनों राखी से बाजार सजी हुई है। पलारी में ही 20 से 25 दुकाने लगी है, जहां 5 से लेकर 150 रुपए तक कि राखियां बिक रही है। बहने अपने भाई के कलाई पर राखी बांधने मनपसंद और फैंसी राखी खरीद रही है। राखी के दुकानदार बेनीराम देवांगन ने बताया बाजार में लुम्बा, रेशम की फाँसी डोर, ब्रेसलेट राखी, बच्चो का कार्टून राखी उपलब्ध है, लेकिन महिलाएं महंगी और आकर्षक राखी खरीदने में गुरेज नहीं कर रही है।

फ़ोटो,, राखी खरीदते हुए।

### चोरी की ट्रांसफार्मर बेचने का प्रयास, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** चोरी की बिजली ट्रांसफार्मर को बेचने का प्रयास कर रहे लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम धुमाभांठा के आरोपी प्रेमलाल पटेल पिता पुरंधर पटेल और श्रीराम पटेल पिता साधुराम पटेल द्वारा एक ट्रांसफर्मर को कबाड़ी का काम करने वाले आरोपी धनेश्वर साहू पिता भगवानो साहू (28 वर्ष) निवासी रसोड़ा को बेचने के लिए बुलाया गया था।

### एक्सीडेंट में बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद।** सायकल से घर वापस आ रहा एक बुजुर्ग व्यक्ति बाइक की टक्कर से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बंशीधर साहू पिता बैधनाथ साहू (66 साल) खपरीडीह थाना सरायपाली 3 अगस्त की शाम 5 बजे किराना सामान लेकर अपने सायकल से घर वापस आ रहा था, उसी समय मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीयू 8961 के चालक विनोद मेहर अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से मृतक के सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे बंशीधर साहू के सिर एवं दाहिने कंधे में चोट लगने से सरायपाली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज दौरान दिनांक 4 अगस्त को उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ढाबा में खाना खाने गए शिक्षक से मारपीट

**महासमुंद।** झलप के ढाबा में खाना खाने गए एक शिक्षक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पटेवा पुलिस ने मामले में रिपोर्ट आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल समोदा के शिक्षक व प्रार्थी आज्ञाराम ठाकुर ने बताया कि 3 अगस्त की रात करीबन 11 बजे वह अपने साथी रमाकांत ध्रुव के साथ सीजी 06 फैमिली ढाबा झलप खाना खाने गये थे। ढाबा में बरभाठा का प्रताप मन्नाडे व उसके अन्य साथी भी खाना खाने आए थे।

# पशु प्रबंधन में कोई लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्तः कलेक्टर

## जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं के प्रबंधन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही बरतने पर जिले के पाँचों विकासखंडों के जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पशु प्रबंधन के लिए ठोस कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिदिन ग्राम पंचायतों से रिपोर्ट ली जाए और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चयनित ग्राम पंचायतों में चारागाह विकास के लिए मनरेगा के तहत कार्य स्वीकृत कराने का भी निर्देश दिया।

बैठक में कलेक्टर ने रेत के अवैध उत्खनन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त टीम द्वारा लगातार जाँच और कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण करने और जेम पोर्टल पर खरीदी में पारदर्शिता लाने के लिए मॉनिटरिंग समिति गठित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### हर-घर तिरंगा व अमृत रजत जयंती की तैयारी

कलेक्टर दीपक सोनी ने शासन के निर्देशानुसार 'हर-घर तिरंगा अभियान' की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करने हेतु ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले 'अमृत रजत जयंती कार्यक्रम' के लिए भी विभागवार तैयारियों की समीक्षा की गई।

## कुत्ते द्वारा जूठा भोजन परोसने की घटना पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

# मिड-डे मील में घोर लापरवाही पर हाईकोर्ट सख्त, शिक्षा सचिव से मांगा हलफनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के पलारी विकासखंड के लच्छनपुर मिडिल स्कूल में बच्चों को कुत्ते द्वारा जूठा किया गया भोजन परोसने की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस मामले पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को 19 अगस्त 2025 तक व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

यह जनहित याचिका 3 अगस्त को विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म पर प्रकाशित खबरों के आधार पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दर्ज की। उल्लेखनीय है कि 28 जुलाई को सरकारी स्कूल के 83 बच्चों को वही भोजन परोसा गया जिसे पहले एक आवारा कुत्ता जूठा कर चुका था। घटना सामने आने पर ग्राम स्तरीय समिति ने तत्काल बैठक कर बच्चों को एंटी रेबीज वैक्सीन की डोज दिलवाईं। हालांकि विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में 78 या 83 बच्चों के वैक्सीन लगाने की जानकारी सामने आई जिससे आंकड़ों में स्पष्टता नहीं है।

### सरकार से मांगा विस्तृत जवाब

न्यायालय ने राज्य सरकार से निम्न बिंदुओं पर जवाब तलब किया हैः 1. क्या सभी बच्चों को समय पर रेबीज वैक्सीन दी गई, 2. जिम्मेदार शिक्षक और स्व-सहायता समूह के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई, 3. क्या बच्चों को उचित मुआवजा प्रदान किया गया, 4. भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए?





मध्यान भोजन में जानबूझकर परोसा कुत्ते का जूठा, फिर लगाया रेबीज का एंटी डोज







### अगली सुनवाई 19 अगस्त को

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की घटनाएं बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ हैं और यह राज्य सरकार की सामाजिक योजनाओं की साख पर गहरा आघात करती हैं। अब प्रदेशभर की निगाहें 19 अगस्त को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जिसमें शिक्षा सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांगी जाएगी।

### हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने टिप्पणी की मिड-डे मील बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इसे औपचारिकता की तरह नहीं लिया जा सकता। कुत्ते द्वारा जूठा भोजन परोसना सीधे तौर पर बच्चों के जीवन को खतरे में डालना है, जो गंभीर प्रशासनिक विफलता है।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए शिक्षक व युवा, गंवाए लाखों रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिमगा में ऑनलाइन ठगी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं, जिसमें एक युवा और एक शिक्षक लाखों रुपए की धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पहला मामला ब्लैकमेलिंग का है, जिसमें भावेश जगवानी (24) को लगभग 2 लाख रुपये का चूना लगाया गया। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 8 मार्च को एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आया, जिसे उठाते ही अज्ञात व्यक्ति ने उसका प्राइवेट वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने फोन पे के माध्यम से धीरे-धीरे उससे 2 लाख रुपये ठग लिए।

- ब्लैकमेलिंग और गेमिंग के नाम पर धोखाधड़ी, पुलिस ने शुरू की जांच

दूसरा मामला ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ा है, जिसमें ठाकुरदास मानिकपुरी (43) धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने बताया कि प्रार्थी के बैंक खाते से 3,65,679 रुपये की राशि गूगल पे के माध्यम से किस्तों में निकाल ली गई। उन्हें इसकी जानकारी तब हुई, जब उनके एक दोस्त ने फोन कर खाते में पैसे ट्रांसफर होने की बात बताई। जांच करने पर पता चला कि 31 जनवरी से 2 मार्च तक उनके खाते से प्रतिदिन अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर किए जा रहे थे। इसकी जानकारी मुझे मेरे दोस्त नारायण लाल यादव के द्वारा फोन से बताया कि मेरे खाते में 60 हजार ट्रांसफर क्यों किया हो तब मैं बोला कि मैं नहीं किया हूं, मुझे जानकारी नहीं है फिर तात्कालिक संज्ञान में लेते हुए मैंने 4 मार्च को भारतीय स्टेट बैंक सिमगा में जाकर इसकी जानकारी लिया एवं अपने मोबाइल के गूगल पर से ट्रांजैक्शन हिस्ट्री देखा तब पता चला कि मेरे खाते से प्रतिदिन दूसरे खाते में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। पुलिस ने दोनों ही मामले पर विवेचना प्रारंभ कर दिया है।

### पुलिस की अपील

थाना प्रभारी ने आम जनता से अपील की है कि वे ऑनलाइन ठगी के प्रति सतर्क रहें। इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। अगर किसी के साथ ऐसी कोई घटना होती है, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराएँ।

# 11 साल से विकलांग पेंशन से वंचित 80 प्रतिशत दिव्यांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सरकारी योजनाओं के बड़े-बड़े दावों के बावजूद जमीनी हकीकत अक्सर अलग तस्वीर पेश करती है। इसका ताजा उदाहरण जिले के पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिनौरी निवासी पुरुषोत्तम कुर्रे हैं, जो बीते 11 वर्षों से विकलांग पेंशन से वंचित हैं।



पुरुषोत्तम कुर्रे 80% दिव्यांगता प्रमाण पत्र धारी हैं। उनका कहना है कि वर्ष 2014 से पहले उन्हें विकलांग पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था, लेकिन 2014 से अचानक उनका पेंशन बंद हो गया। तब से लेकर अब तक उन्होंने पंचायत, जनपद और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। पुरुषोत्तम ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 13 पर

- फाइल और ऑनलाइन प्रक्रिया में उलझा मामला

### जीवन-यापन में बढ़ी मुश्किलें

पुरुषोत्तम कुर्रे का जीवन पूरी तरह पेंशन पर निर्भर था। पेंशन बंद होने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। गांव के लोग कभी-कभी मदद करते हैं, लेकिन नियमित आय न होने के कारण वे बेहद कठिनाइयों में जीवन यापन कर रहे हैं। यह हालात केवल पुरुषोत्तम तक सीमित नहीं, बल्कि प्रदेश के कई दिव्यांगजन इसी तरह लचर व्यवस्था का शिकार हो रहे हैं।

## आपदा पीड़ित परिवारों को मिली 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** | प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजनों मे लछनी बाई वर्मा पति स्व.मनहरण लाल वर्मा, निवासी ग्राम मोपका, तहसील भाटापारा एवं सुखिया बाई यादव पति स्व. गोपाल यादव, निवासी ग्राम गाड़ाकुसमी तहसील पलारी शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के आकाशीय बिजली गिरने एवं सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# पुलिस ने 4 शराब कोचियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपरिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है।

- समाधान सेल की सूचना पर हुई कार्रवाई
- 16,600 रुपए की अवैध शराब और 3 मोटरसाइकिल जब्त

इसी तारतम्य में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल के संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 4 आरोपियों - 1. नागेश धृतलहरे (19), 2. मनीष भारद्वाज (21), 3. दिलेश्वर धृतलहरे (20), 4. अंकुर कुर्रे (19) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से 16,600 कीमत मूल्य का 31.7 बल्क लीटर मसाला/अंग्रेजी शराब एवं बीयर शराब जप्त किया गया है। साथ ही अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त 3 मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



### अवैध शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार, 45 पौवा देशी मदिरा जब्त

खरोरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देश पर, खरोरा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 45 पौवा देशी मदिरा जब्त की गई, जिसकी कुल मात्रा 8 लीटर 100 मिलीलीटर है और इसका अनुमानित मूल्य 4500 रुपये है। दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भण्डारपुरी निवासी रामकुमार धीवर, ग्राम सिर्री के डबरी पार में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद, पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा और आरोपी को एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में शराब के साथ पकड़ लिया। आरोपी से शराब रखने के संबंध में कागजात मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद, गवाहों के सामने शराब जब्त कर ली गई। आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया और उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गई। आरोपी को बाद में न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।



## चार माह में 210 मरीजों तक पहुंची फूड बास्केट, स्वास्थ्य लाभ में मिल रही मदद

# वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने टीबी मरीजों को दी पोषण सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बलौदाबाजार नगर के विभिन्न समाज सेवी संगठन सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। श्री भूतेश्वरनाथ महादेव मंदिर ट्रस्ट, वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन बलौदाबाजार और सहयोग संगठन ने 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण सहायता उपलब्ध कराई है। पिछले चार माह में इन संगठनों ने 210 मरीजों तक पोषण आहार की फूड बास्केट वितरित की है, जिससे मरीजों को स्वास्थ्य लाभ में सहायता मिल रही है।

- टीबी मुक्त भारत अभियान में बढ़ा सहयोग



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि निक्षय मित्र बनने वाले जनप्रतिनिधि, व्यापारी, कर्मचारी व समाजसेवी संगठन टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त अतिरिक्त आहार उपलब्ध कराते हैं। यह पोषण आहार मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर उन्हें तेजी से स्वस्थ होने में मदद करता है।टीबी के लक्षणों पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यह एक संक्रामक रोग है, जो हवा के माध्यम से फैलता है। दो सप्ताह से अधिक खांसी रहना, शाम को हल्का बुखार आना, पसीना आना, वजन घटना, भूख न लगना तथा बच्चों में वजन का न बढ़ना इसके प्रमुख संकेत हैं। ऐसे लक्षण पाए जाने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराना चाहिए।

### ये रहे शामिल

फूड बास्केट वितरण में योगदान देने वालों में प्रवीण शुक्ला, मनीष शुक्ला, विमला दीक्षित, अरविंद शुक्ला, शालीन शुक्ला, बुधराम अग्रवाल, संतोष वैष्णव, मनीषा शुक्ला, रोशनी शुक्ला, प्रज्ञा शुक्ला, अभिनव शुक्ला, गीता मिश्रा, प्रणव अवस्थी, शैलजा मिश्रा, डॉ. प्रभा आनंद शुक्ला, शिवम सिंह, आरती दुबे, मोरध्वज श्रीवास्तव, शीला शुक्ला, सुनीता मिश्रा, कमला दुबे, करुणा दुबे, कीर्ति शर्मा और डॉ. निशा झा शामिल हैं। सीएमएचओ डॉ. अवस्थी ने समाज के सक्षम वर्ग से अधिक से अधिक संख्या में निक्षय मित्र बनने की अपील की, ताकि देश से टीबी रोग का उन्मूलन तेजी से किया जा सके।


बालाजी प्रा. आई.टी.आई

ITI BHATAPARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा

89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप

### स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने की मांग

रायपुर। नगर की कई गलियों में स्ट्रीट लाइट्स खराब हैं, जिस कारण शाम ढलते ही अंधेरा पसर जाता है। शिवसेना के पदाधिकारियों ने लगातार कई बार शहर में स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था करने की मांग जिला प्रशासन से की है। इसके बाद भी शासन-प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है, इस पर शिवसेना संगठन ने नाराजगी जताई है। इस मौके पर शिवसेना के प्रवक्ता संतोष शुक्ल ने सड़क के दोनों छोर, स्पीड सीमा सूचना बोर्ड लगाने और सड़कों का पर्याप्त चौड़ीकरण करने की भी मांग की है, जिससे किसी भी तरह के पशुओं को हानि न हो सके, लेकिन राज्य सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है और न ही उनके जनप्रतिनिधि कुछ करना चाहते हैं, जिससे शिवसेना संगठन के लोग भी नाराज हैं।

### जोन कमिश्नर चंद्रवंशी ने ली पशुपालकों की बैठक

रायपुर। खमतराई स्थित नगर निगम जोन-1 कार्यालय में जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवशी ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन की उपस्थिति में 7 वार्डों के पशुपालकों की बैठक ली। बैठक में जोन कमिश्नर ने सभी पशुपालकों को पशुओं को अपनी गोशाला में बांधकर रखने एवं सड़क पर खुले में किसी भी हालत में नहीं छोड़ने की कड़ी हिदायत दी। इसकी अनदेखी की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी पशुपालकों को दी गई है। पशुपालकों को नाली में गोबर नहीं बहाए जाने की हिदायत दी है। जोन कमिश्नर ने पशुओं के गले में पट्टा लगाने के निर्देश भी दिए।

### युवा सेवा संघ ने की कांवड़ियों की सेवा



रायपुर। श्रावण मास के सोमवार को युवा सेवा संघ के सेवादारों ने स्वस्फूर्त होकर कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर महादेवघाट स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िए पहुंचे। युवा सेवा संघ के सेवकों ने स्टॉल लगाकर गुरु प्रार्थना की, मंगल आरती के बाद शिवजी के मधुर संकीर्तन के साथ सेवादारों ने शिवभक्तों में फल, हलवा, नीबू शर्बत और सत साहित्य प्रसादी का भंडारा किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी प्राप्त की। । कार्यक्रम में युवा सेवा संघ के अध्यक्ष भूपेश साहू, हीरालाल साहू, लक्ष्मण लखवानी, नारायण राव, लक्ष्मीनारायण साहू, द्वारिका साहू, सतीश रगड़ाले, दाऊलाल निषाद, अजय सोनी, चेतन साहू, महेश भाई, अजय शर्मा, सत्यप्रकाश न्याल सहित बड़ी संख्या में युवा सेवा संघ के सेवक उपस्थित थे।

### जिले के प्रत्येक शालाओं में पालक शिक्षक बैठक

महासमुंद। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार समस्त शैक्षणिक संस्थानों में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया जाना है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पालक शिक्षक बैठक के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए 6 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिले के सभी शालाओं में पालक शिक्षक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सफल आयोजन के लिए 184 निरीक्षणकर्ता अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा है कि बैठक में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो।

### पूर्व राज्यपाल बैस के जन्मदिन पर दी बधाई



रायपुर । छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व सांसद एवं त्रिपुरा, झारखंड और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेशभर के उनके शुभचिंतकों ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बधाई प्रेषित की। इसी क्रम में रायपुर में उनके कई शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन पर बधाई देकर ईश्वर से उनकी लंबी आयु एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। इसी कड़ी में रायपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी श्री बैस से भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

# बिलाईगढ़ में तेंदूपत्ता संग्राहकों का भुगतान लंबित, 6 लाख फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

विधानसभा बिलाईगढ़ के अंतर्गत लघु वनोपज सहकारी समिति बानीखार में तेंदूपत्ता संग्राहकों को मजदूरी भुगतान अप्राप्त होने के कारण संग्राहकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार विधानसभा बिलाईगढ़ के वनांचल क्षेत्र के ग्राम बानीखार के तेंदूपत्ता संग्रहको को तेंदूपत्ता तोड़ाई का मजदूरी भुगतान बहुत दिनों से अप्राप्त है, जिसके कारण सभी संग्राहकों को भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण संग्रहको में शासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।

**संग्राहकों में शासन के प्रति भारी आक्रोश**





लगभग पचास तेंदूपत्ता संग्राहकों का लगभग 6 लाख रुपए का भुगतान लंबित है, सूत्रों के मुताबिक यदि सप्ताह भर में भुगतान नहीं होने पर रेंज ऑफिस अर्जुनी कार्यालय का घेराव का निर्णय लिया गया है, उक्ताशय की जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के महामंत्री नल कुमार पटेल ने दिया। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी रूपेंद्र साहू से संपर्क करने पर बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहकों का भुगतान काफी दिनों से लंबित है, कुछ तकनीकी समस्या के कारण भुगतान रुका हुआ है और यह डीएफओ के संज्ञान में भी है जल्द से जल्द भुगतान करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

### थाना-चौकियों के प्रधान आरक्षकों के कार्यों का किया आंकलन

# विवेचना में तेजी लाने के लिए एसपी भावना गुप्ता ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



विवेचना एवं जांच कार्यवाही में तेजी एवं कसावट लाने हेतु पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा विभिन्न थाना एवं चौकी में पदस्थ विवेचकों की लगातार समीक्षा बैठक आयोजित किया जा रहा है। बैठक के दौरान थाना/चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षकों के कार्यों के आंकलन हेतु उनके द्वारा की जा रही विवेचना/जांच, लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान एवं शिकायतों की समीक्षा लगातार किया जा रहा है।

समीक्षा बैठक प्रतिदिन पुलिस कार्यालय सभा कक्ष में बलौदाबाजार में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग पुलिस अनुविभागों के प्रधान आरक्षकों की समीक्षा बैठक लिया जा रहा है। समीक्षा उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा निम्न निर्देश दिये गये - 1. सभी आपराधिक प्रकरणों में आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकार्ड संलग्न किया जावे। 2. दो से अधिक प्रकरण में संलिप्त आरोपियों पर विशेष निगाह रखी जावे। 3. सात वर्ष से कम कारावास से दण्डनीय अपराध में माननीय उच्चतम न्यायालय के अर्नेश कुमार विरूद्ध बिहार राज्य में दिये दृष्टांत का अक्षरशः पालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। 4. सभी अपराधिक प्रकरण में प्रार्थी का कथन, घटना स्थल का निरीक्षण, संपत्ती जप्ती की कार्यवाही ई-साक्ष्य एप के माध्यम से आवश्यक रूप से की जावे। 5. प्रकरण के चश्मदीद गवाहों को धारा 164 द.प्र.सं./183 बीएनएसएस के तहत माननीय न्यायालय से कलमबद्ध बयान दर्ज करायी जावे। 5. एक्सीडेंट के प्रकरणों में मोटरयान अधिनियम की धाराओं का समावेश कर विधिवत कार्यवाही किया जावे। 6. अपहृत बालक/बालिका की बरामदगी संवेदनशीलता के साथ शत प्रतिशत किया जावे।7. विवेचना कार्यवाही में तकनीती साक्ष्य पर विशेष ध्यान दिये जावे। 8. अपराधियों की पतासाजी हेतु त्रिनयन एप के माध्यम से कैमरों का जॉच कर फूटेज प्राप्त किया जाकर आवश्यक कार्यवाही किया जावे। 9. सभी प्रकरणों की विवेचना बारिकी से किया जावे शत प्रतिशत दोषसिद्धी हो। 10. प्रकरणवार पृथक-पृथक निर्देश दिया जाकर सभी अपराध मर्ग गुम इंसान व शिकायतों का निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। 11. जॉच/विवेचना में लापरवाही बरतने वाले प्रधान आरक्षकों को सख्त चेतावनी देकर प्रकरणों का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

- लापरवाही बरतने पर सख्त चेतावनी

# राष्ट्रीय राजमार्ग को बायपास करने की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कुम्हारी से सारंगढ़ तक प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग 130-B के फोर लेन सड़क निर्माण को लेकर भटगांव में स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने कड़ा विरोध जताया है। उनका कहना है कि यह सड़क नगर के बीच से गुजरने पर हजारों लोगों का जीवन और कारोबार प्रभावित होगा। इसी मांग को लेकर नगर पंचायत के नागरिकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें सड़क को भटगांव से बायपास निकालने की अपील की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि नगर के मुख्य मार्ग पर करीब 225 मकान और 250 दुकानें हैं, जो फोर लेन बनने पर प्रभावित होंगी। लोग बेघर हो जाएँगे और व्यापार पूरी तरह ठप हो जाएगा। नागरिकों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सड़क को नगर के बाहर से निकाला जाए, ताकि जन-जीवन और व्यापार पर कोई असर न पड़े। उन्होंने बताया कि भटगांव एक बड़ा नगर पंचायत है और भविष्य में इसके नगर पालिका बनने की भी संभावना है। सड़क के अंदर से निकलने पर दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाएगी, क्योंकि मार्ग से कई स्कूल भी लगे हुए हैं।

- व्यापारियों व नागरिकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- फोर लेन निर्माण से 225 मकान व 250 दुकानें होंगी प्रभावित

**प्रशासन के लिए अग्निपरीक्षा**

स्थानीय प्रशासन अब दोराहे पर खड़ा है या तो जनभावनाओं का सम्मान करते हुए बायपास का विकल्प तैयार करे, या फिर बढ़ते जनआक्रोश का सामना करने को तैयार रहे। अब देखना यह होगा कि शासन और प्रशासन इस संवेदनशील मुद्दे पर किस प्रकार की प्रतिक्रिया देती है, या लोगों को एक बड़े जन आंदोलन की ओर कदम बढ़ाना पड़ेगा।

**स्वास्थ्य विभाग का काम सिर्फ इलाज नहीं, बीमारी के पहले से रोकना भी : जायसवाल**

# तीन दिन में 33 जिलों के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखेगा अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगने खाद्य एवं औषधि प्रशासन के तीन दिवसीय अभियान की शुरुआत सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। 'बने खाबो-बने रहिबो' अभियान के तहत विभागीय अमला तीन दिन में 33 जिलों के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखेगा। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को हरी झंडी दिखाने के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का काम केवल इलाज नहीं, बीमारी की पहले से रोकथाम करना भी है।

4 से 6 अगस्त तक चलाए जाने वाले इस अभियान के दौरान आमजन को मिलावटी भोजन से परहेज करने लोगों को जागरूक करते हुए खाद्य सामग्री की मौके पर जांच की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण, शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री पहुंचे। हमारे खानपान से संबंधित बीमारियां जैसे डायबिटीज, थायरॉयड, फैटी लिवर, हाई कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग आज बहुत आम हो चुके हैं। इनसे बचने के लिए जन-जागरूकता, स्वच्छता और मिलावट रहित भोजन बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'मिलावट के खिलाफ अभियान' को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ में 'बने खाबो, बने रहिबो' अभियान की नींव रखी गई है। सीजीएमएससी के अध्यक्ष अमित म्हस्के ने भी कहा कि चलित प्रयोगशाला में एक लैब टेक्नीशियन तथा एक लैब असिस्टेंट की उपस्थिति रहेगी, जिससे वे मौके पर ही खाद्य सामग्री का नमूना एकत्र कर उसकी जांच कर सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ऐसे मिलावटखोरों पर कार्रवाई भी करेगी।



**आमजनों को जागरूक करना ही उद्देश्य**

स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को जागरूक करना है, ताकि खाने में मिलावट को कैसे पहचानें और कैसे इस अभियान में हिस्सा लेकर शासन की मदद करें, ताकि मिलावट करने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा सके और लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक भी रहें।

# बिजली उत्पादक राज्य की जनता को भाजपा सरकार ने दिया दूसरा बड़ा झटकाः पप्पू अली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने राज्य सरकार के 'बिजली हाफ योजना' के नए प्रावधानों पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट तक के बिजली बिल को आधा करने की योजना को बदलकर अब सिर्फ 100 यूनिट तक ही सीमित कर दिया है, जिससे जनता पर महंगाई का बोझ और बढ़ गया है।

पप्पू अली ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली उत्पादक राज्य है, फिर भी यहाँ की जनता को ऊँचे दामों पर बिजली बेची जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य का कोयला, पानी और जमीन हमारी है, तो इसका लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को क्यों नहीं मिल रहा? उन्होंने यह भी कहा कि अगर उपभोक्ता 100 यूनिट से एक भी ज्यादा यूनिट खर्च करता है, तो उसे पूरे बिल का भुगतान करना होगा, जिससे सीधा-सीधा दोगुना बिल देना पड़ेगा।

**गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को भी झटकाः** इस नए फैसले से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को भी झटका लगा है, जिन्हें पहले एकलबत्ती कनेक्शन पर मुफ्त बिजली मिलती थी। अब उन्हें भी प्रति यूनिट 30 पैसे का भुगतान करना होगा। अली ने सरकार से इस तुगलकी फरमान को वापस लेने की मांग की है।

# भगवान मधेश्वर महादेव धाम के विकास के लिए केंद्र से मिले 10 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवार के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड अंतर्गत मयाली में विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के समीप आयोजित दिव्य शिव महापुराण कथा के समापन समारोह को ऑनलाइन संबोधित किया। श्रावण मास की इस सात दिवसीय दिव्य कथा श्रृंखला का आयोजन 28 जुलाई से 4 अगस्त 2025 तक महामधेश्वर धाम समिति द्वारा किया गया, जिसमें अयोध्या के प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन जी महाराज ने शिव महापुराण की अमृतमयी वाणी से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्यमंत्री ने व्यासपीठ से जुड़े सभी संतजनों को प्रणाम करते हुए समिति को भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं आभार प्रकट किया।

- सीएम साय ने ऑनलाइन दिया संबोधन, कहा- तीर्थ पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

**छत्तीसगढ़ के कण-कण में शिव और शक्ति**

मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिव और शक्ति छत्तीसगढ़ के कण-कण में समाए हुए हैं और प्रदेश को आध्यात्मिक ऊर्जा इन्हीं देवस्थलों से प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि



मधेश्वर महादेव धाम के विकास के लिए केंद्र सरकार से 10 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है, तथा राज्य सरकार तीव्र गति से अधोसंरचना विकास और श्रद्धालु सुविधाओं के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विराजित भगवान शिव के प्रमुख स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि मयाली में मधेश्वर पहाड़, कवर्धा में बाबा भोरमदेव, राजिम में कुलेश्वर महादेव, गरियाबंद में भूतेश्वर महादेव और जांजगीर-चांपा के खरौद में लक्ष्मणेश्वर महादेव के रूप में भगवान शिव विभिन्न रूपों में श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे हैं। +उन्होंने कहा कि यह सम्पूर्ण प्रदेश शिवमय है। साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पाँच प्रमुख शक्तिपीठों के विकास के लिए शक्ति कॉरिडोर योजना प्रारंभ की गई है। इसमें डोंगरगढ़ की बमलेश्वरी देवी, रतनपुर की महामाया देवी, चंद्रपुर की चंद्रहासिनी माता, दंतेवाड़ा की दंतेश्वरी देवी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के मार्गदर्शन में तीर्थ पर्यटन को नई दिशा दी जा रही है।

### 21 प्रकार की दिव्यांगता की जांच, मौके पर मिले उपकरण और दवाइयां

# मोहरेंगा में आयोजित हुआ स्वास्थ्य एवं आंकलन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

समग्र शिक्षा विकासखंड तिल्दा के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरेंगा में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण एवं आकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय पंडरी के विशेषज्ञ डॉक्टरों, समाज कल्याण विभाग और चिरायु टीम ने कक्षा 1 से 12 तक के 87 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान 21 प्रकार की दिव्यांगता के आधार पर बच्चों का आकलन किया गया और जिन्हें आवश्यकता थी उन्हें मौके पर ही उपकरण और दवाइयाँ दी गईं।



12 बच्चे, अस्थि बाधित 16, श्रवण बाधित 5, सिकल सेल 3, दृष्टि बाधित 3, अल्प दृष्टि बाधित 20, स्पीच 3 और बहु दिव्यांगता से ग्रसित 14 बच्चे शामिल हुए। जाँच के बाद कुछ बच्चों को आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल भी रेफर किया गया।

शिविर में यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। योगेश्वर धीवर और झरना धीवर को बीईओ आरपी दास और बीआरसी संतोष कुमार शर्मा ने प्रमाण पत्र दिए।

इस शिविर को सफल बनाने में संकुल प्राचार्य अरविंद केरकेट्टा, बीआरपी सुविधा सिंह, स्पेशल एजुकेटर दिलेश्वरी यादव, फिजियोथेरेपिस्ट प्रेरणा यादव और अन्य शिक्षकों और समन्वयकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बच्चों के पंजीकरण, बैठने की व्यवस्था, डॉक्टरों के सहयोग और भोजन-पानी की व्यवस्था में भी सभी ने मिलकर काम किया।

**शिविर में मौजूद थे ये विशेषज्ञ डॉक्टर**

इस शिविर में जिला अस्पताल से नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम धनंजय, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र कुमार साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एन. पटेल, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशवंत सारथी और साइकोलॉजिस्ट डॉ. ममता गोस्वामी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। इन सभी ने मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की और आवश्यक सलाह दी।

# 87 बालिकाओं को वितरित की गई सायकिल



लवन । हायर सेकेंडरी स्कूल सरखोर मे सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वी के 87 बालिकाओं को सायकिल वितरित किया गया । यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरखोर के सरपंच मोहन कुमार बंजारे, उपसरपंच ईश्वर पटेल, समस्त पंचगण, जनपद सदस्य शांति बाई कोसले, एस एम डी सी के अध्यक्ष अंतराम साहू एवं समस्त सदस्य गण, प्रभारी प्राचार्य किशोर कुमार साहू, व्याख्याता गण योगेन्द्र कुमार सोनवानी, रामेश्वर प्रसाद साहू, विजय कुमार प्रजापति, गोविंद कुमार राजपूत, व्यावसायिक शिक्षक शिव शक्ति साहू, प्रेमलता साहू एवं एस एम सी शिक्षक कुमारी मधु, नारंगे, धान बाई जांगड़े तथा अंशकालीन स्वीपर बुधवनतीन डहरिया की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

## खबर संक्षेप



### खरोरा महाविद्यालय में हुआ एनईपी इंडक्शन प्रोग्राम

**खरोरा** | महाविद्यालय में नेप इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर शम्पा चौबे के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में बी.कॉम. बी.एस.सी एवं बीए के प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को एनईपी से परिचित करवाया गया एवं एनईपी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एनईपी सेमेस्टर पद्धति है एवं विभिन्न प्रकार के पेपर जैसे डीएससी, जीई, वीएसी, एसईसी, एईसी विषय होते हैं, एसईसी विषय का उद्देश्य छात्राओं को रोजगार उन्मुख बनाना है। जीई के अंतर्गत हम दूसरे संकाय के विषयों का अध्ययन करेंगे जिसका उद्देश्य बहुविषयक शिक्षा लाना है, इसकी जानकारी बीए थर्ड सेमेस्टर की छात्रा अरीबा अली के द्वारा दिया गया, साथ ही महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों द्वारा अपने विषय एवं छात्र-छात्राओं से संबंधित प्रभारों की जानकारी देते हुए कार्यक्रम को संपन्न कराया गया ।

### निराश्रितों का किया जा रहा सत्यापन

**महासमुंद**। नगर पालिका में निराश्रित पेंशनरों का सत्यापन किया जा रहा है। यह सत्यापन यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है, कि केवल पात्र व्यक्तियों को ही पेंशन मिले। इस संबंध में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि शासन के निर्देश के तहत पालिका क्षेत्र में निवासरत उन सभी हितग्राहियों का सत्यापन किया जा रहा है, जिसे सरकार निराश्रित पेंशन योजना के तहत, वित्तीय सहायता प्रदान करती है। जैसे वृद्ध, विधवा या विकलांग आदि। इस योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करने के लिए, सरकार नियमित रूप से लाभार्थियों का सत्यापन करती है।

## निधन

### छेदीन बाई भारद्वाज

**मुंडा** | ग्राम परसा पाली निवासी



छेदीन बाई भारद्वाज 80 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया । वे अमृतलाल सूखी लाल योगेश भारद्वाज के माता जी थे । उनकी अंतिम संस्कार गांव के ही नादिया खड मुक्तिधाम में किया गया । अंतिम संस्कार में ग्रामवासी व सजातीय जन सम्मिलित रहे ।

### डॉ संजय वर्मा

रवान | ग्राम गैतरा निवासी पेशे से डॉक्टर संजय वर्मा का गत दिवस निधन हो गया उनकी अंतिम यात्रा में श्रद्धांजलि देने बहुत से लोग शामिल हुए वह बहुत सरल स्वभाव मृदु भाषी थे। पेशे से डॉक्टर थे वह झड़ुवा वर्मा गोटिया के मंझला पुत्र थे। डॉक्टर संजय वर्मा के बड़े भाई महेंद्र है एवं छोटे भाई नरेंद्र वर्मा है। डॉ. संजय वर्मा के निधन होने पर गावों में शोक ग्रस्त हो गए हैं।

## पेज 11 का शेष

### 11 साल से विकलांग...

दफ्तर जाओ तो कोई कहता है कि फाइल ऊपर नहीं पहुंची है, तो कोई कहता है कि ऑनलाइन एंट्री नहीं हुई है। कई बार दस्तावेज जमा किए, लेकिन आज तक एक रुपये की भी पेंशन नहीं मिली।"

**कलेक्टर से मिलकर बताई पीड़ा:** इस बार पुरुषोत्तम कुर्रे ने सीधे कलेक्टर दीपक सोनी से मिलकर अपनी पीड़ा बताई। कलेक्टर ने तुरंत समाज कल्याण विभाग को जांच कर आवश्यक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

**प्रशासन का आश्वासन:** समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक सिनीवाली गोयल ने बताया कि पुरुषोत्तम कुर्रे का आवेदन जनदर्शन में कलेक्टर को दिया गया है और उस पर शीघ्र कार्रवाई कर उन्हें पेंशन का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# बिजली हाफ योजना बंद कर भाजपा सरकार ने उपभोक्ताओं की कमर तोड़ी: सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि और पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के फैसले का पुरजोर



विरोध किया है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार की महत्वाकांक्षी 'बिजली हाफ योजना' को बंद कर भाजपा सरकार ने आम उपभोक्ताओं की आर्थिक कमर तोड़ दी है। शर्मा ने कहा कि चरम पर बढ़ती महंगाई के इस दौर में यह निर्णय जनता पर महंगाई का बोझ लादने जैसा है, जिसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इस फैसले के खिलाफ जन-जन से संपर्क कर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जन आंदोलन करेगा।सुशील शर्मा ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 400 यूनिट तक की बिजली खपत पर बिल हाफ करने की योजना बनाई थी। लेकिन, भाजपा सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया है और अब सिर्फ 100 यूनिट तक की खपत पर ही बिल हाफ करने की घोषणा की है, जिससे प्रदेश के अधिकांश उपभोक्ता इस योजना के लाभ से वंचित हो गए हैं। शर्मा ने नए नियमों को 'जनता के साथ कठोर अन्याय' बताते हुए कहा कि अब 100 यूनिट से अधिक बिजली खपत होने पर उपभोक्ताओं को पूरा बिल देना होगा, और 100 यूनिट की छूट भी नहीं मिलेगी। जबकि कांग्रेस सरकार के समय 400 यूनिट की खपत होने पर भी उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिलता था, भले ही उनकी कुल खपत 800 यूनिट ही क्यों न हो। 400 यूनिट के बाद शेष खपत का पूरा बिल देना होता था।

## कांग्रेस ने 400 यूनिट तक की योजना को बंद करने का किया विरोध

### भाजपा के नए नियम का असर

भाजपा सरकार के नए नियम के तहत, यदि कोई उपभोक्ता 100 यूनिट से एक यूनिट भी ज्यादा बिजली खर्च करता है, तो उसे पूरे बिल का भुगतान करना होगा। उसे 100 यूनिट पर मिलने वाली छूट का लाभ नहीं मिलेगा। इससे पहले की व्यवस्था में 400 यूनिट तक के बिल पर आधा भुगतान करना होता था, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिल रही थी। कांग्रेस का आरोप है कि इस नए नियम से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।



### क्या है कांग्रेस की पुरानी योजना

कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई 'बिजली हाफ योजना' में 400 यूनिट तक की बिजली खपत पर उपभोक्ताओं को आधे दाम पर बिजली मिलती थी। इस योजना से प्रदेश के लाखों परिवारों को महंगाई के दौर में आर्थिक राहत मिली थी। सुशील शर्मा का कहना है कि यह एक जन-आकांक्षी योजना थी जिसे बंद करना जनविरोधी कदम है।

## आयोजन : विकासखंड स्तरीय चयन प्रतियोगिता में हुआ खिलाड़ियों का चयन

# 40 से अधिक कराते खिलाड़ी भाटापारा में दिखाएंगे जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी विकासखंड स्तरीय कराटे चयन प्रतियोगिता का आयोजन सतनाम भवन में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 के बालक-बालिका वर्ग के लगभग 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 40 से अधिक का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये सभी खिलाड़ी आज (06 अगस्त) भाटापारा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश वर्मा ने खिलाड़ियों को अनुशासन और खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि असफलता से निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। इस प्रतियोगिता में छेरकापुर, ओड़ान, गुमा, पलारी, जरवे, ससहा, देवसुंदरा और कुकदा के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

**प्रतियोगिता में इनका रहा सहयोग:** इस प्रतियोगिता का सफल संचालन विकासखंड खेल प्रभारी हेमलता कन्नौजे के मार्गदर्शन में किया गया। निर्णायक मंडल में संजय कुमार बंजारे, सुभाष धुरंधर, ओंकार संघ, तरुण सूरतांगे, महेंद्र धुरंधर, लारेंस साहू और अन्य निर्णायक शामिल थे। साथ ही, आशीष ठाकुर, प्रवीण चंद्राकर, राजेश मांडले, दीपमाला साहू जैसे व्यायाम शिक्षकों का भी विशेष सहयोग रहा।

**भाटापारा में होगा अगला मुकाबला:** आज भाटापारा में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें पलारी से चयनित ये सभी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इन युवा खिलाड़ियों को उम्मीद है कि वे इस प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।



### चयनित खिलाड़ियों की सूची

अंडर-19 वर्ग में लक्ष्मी देवांगन, आंचल मार्कण्डे, चारु शर्मा, डाली वर्मा, दिव्या घृतलहरे, वर्षा गिरी, टोमिन साहू और मनोज यादव का चयन हुआ है। अंडर-17 में काजल देवांगन, गोमती कुर्रे, भूमिका साहू, खुशी चतुर्वेदी, हिमानी बंजारे, दीपाली ध्रुव, विभा साहू, जाह्नवी साहू, करुणा यादव, रेखांकित पटेल, राजवंश रात्रें, लोकेश यादव, कोमल वर्मा, लक्ष्मी नारायण और चंद्रशेखर साहू ने जगह बनाई है। वहीं, अंडर-14 में मोना साहू, मधु साहू, राशि साहू, संदीप घृतलहरे, तुशाल साहू, मोक्ष श्रीवास, अथर्व दुबे, परमानंद टंडन और नवीन निराला का चयन हुआ है।

### कसडोल में हुई क्षेत्रीय फुटबॉल स्पर्धा, संभागीय खिलाड़ी हुए शामिल

**कसडोल**। नगर के सेजेस मैदान में क्षेत्रीय शालेय बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर संभाग के जिले बलौदाबाजार, रायपुर, धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव द्वारा किया गया। 19 वर्ष बालक फाइनल में रायपुर ने महासमुंद की टीम को 4-1 से हराया वही 17 वर्ष बालक में रायपुर ने शदन डेथ में बलौदाबाजार को 7-6 से हराया 14 वर्ष बालक में रायपुर ने बलौदाबाजार को 2-0 से हराया प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में बलौदाबाजार जिले के सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता के साथ-साथ जिले के अन्य पी.टी.आई. एवं खेल प्रशिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। इनमें प्रमुख रूप से आलोक मिश्रा, संतोष साहू, वीरेंद्र पटेल, जे.आर. बारले, राजकुमार कैवर्तय, आशीष ठाकुर, राजेश मंडल, सुश्री आभा, नूर मिंज, गवेश हिरवानी, संजीव कुमार ध्रुव की उपस्थिति और सहयोग उल्लेखनीय रहा।





उत्तम निर्णायक मंडल:खेलों का संचालन खेल भावना और निष्पक्ष निर्णयों के साथ किया गया। निर्णायक मंडल में प्रवीण चंद्राकर, अशिम राज कुजूर, सुश्री पीएस बाई ने अपने अनुभवों का उपयोग करते हुए कुशलतापूर्वक निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता संपन्न कराने में सभी जिले के व्यायाम शिक्षको के साथ स्टारलाइन लाइन स्पोर्ट्स क्लब कसडोल का सराहनीय योगदान रहा।

## सशिमं में तुलसी संकुल का प्रथम आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

तुलसी संकुल का प्रथम आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर तरपोंगी मे संपन्न हुआ इस अवसर पर अतिथि के रूप में ग्राम धरती जिला रायपुर के सम्माननीय पदाधिकारी गण पुनाराम वर्मा (अध्यक्ष) सुरेन्द्र नसीने (सचिव) तोषण लाल साहू (सहसचिव), डोमार सिंह वर्मा (कोषाध्यक्ष), मुकेश कुमार साहू (सह जिला समन्वयक) के कर कमलों के मां सरस्वती प्रणव अक्षर ओम मां भारती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन किया गया। इस बेला में गजेंद्र वर्मा (स्थानीय अध्यक्ष), तुलसीराम वर्मा (स्थानीय कोषाध्यक्ष), प्रीति वर्मा (स्थानीय सदस्य), तारणी यादव (स्थानीय सदस्य), थानेश्वर सोनवानी (संकुल प्रमुख), तुलसीराम वर्मा (प्रधानाचार्य तरपोंगी), सविता वर्मा (प्रधानाचार्य किरना), संगीता वर्मा (प्रधानाचार्य सांकरा), द्रिका वर्मा (प्रधानाचार्य तुलसी), येलन वर्मा (प्रधानाचार्य देवरी), राधा गोस्वामी (प्रधानाचार्य कुथरेल) उपस्थित रहे।

- अचार्यों को दैनंदनी लेखन और विषय शिक्षण की दी गई जानकारी
- 77 सदस्यों ने लिया भाग

आवर्ती वर्ग के प्रथम सत्र की शुरुआत सहसचिव तोषण लाल साहू के आशीष वचन के साथ हुआ फिर सम्माननीय सचिव सुरेन्द्र नसीने द्वारा संकुल के आचार्य/दीदियों का परिचय एवं संख्यात्मक जानकारी लिया गया। द्वितीय सत्र में अध्यक्ष पुनाराम वर्मा के द्वारा आचार्य दैनंदनी किस प्रकार लिखा जाए विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

तृतीय सत्र में कोषाध्यक्ष डोमार सिंह वर्मा के द्वारा जिला में होने वाले कार्यक्रम, संकुल के आवर्ती वर्ग की रूपरेखा तैयार किया गया। साथ ही संकुल प्रमुख जी ने सभी आचार्य दीदियों को संकुल में उनके दायित्व एवं विषय शिक्षण के बारे में जानकारी प्रदान किया। समापन सत्र में स्थानीय अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा का आशीष वचन प्राप्त हुआ । इस प्रकार पूरे वर्ग में 3 आचार्य, 65 दीदियां, 5 जिला पदाधिकारीगण, 4 स्थानीय पदाधिकारीगण कुल 77 की संख्या में इस आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित रहे।

## हमर गांव के पावन माटी संगठन ने शोक संतप्त परिवार को दी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा मे ग्राम वासियों द्वारा एक संगठन निर्माण कर गांव में होने वाले हर सुख दुख के कार्य में सहयोग करने के लिए हमर गांव के पावन माटी नाम के संगठन तैयार कर सहयोग किया जा रहा है । संगठन का उद्देश्य पर पीड़ित गरीब वर्ग का सहायता कर उनका सहयोग करना ।

- हरिनभट्ठा में जरुरतमंदों की मदद के लिए बनाया गया है यह युवा संगठन



अभी हाल में ग्राम हरिनभट्ठा के भूतपूर्व सरपंच लखन सोनवानी का सड़क दुघर्टना में आकस्मिक निधन हो गया था, जिसके दसगात्र कार्यक्रम के लिए अपनी अपनी स्वेच्छा एवं यथासंभव सामर्थ्य से शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहायता स्वरूप अंशदान भेंट किए, ग्राम वासियों ने बताया कि हमर गांव के पावन माटी के सदस्यों के द्वारा पूर्व में भी ऐसे कई जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है, और सदस्यों के द्वारा यह तय किया गया है कि आगे भी ऐसे जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक मदद करते रहेंगे |सभी सदस्यों द्वारा स्वैच्छिक रूप से दान किया जाता है, सभी सदस्यों ने मिलकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना किये और हर परिस्थिति में शोकाकुल परिवार की सहायता का आश्वासन दिया । इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

## पलारी में मनाया गया जड़ी बूटी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

महिला पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में 4 अगस्त को आचार्य बालकृष्ण के जन्म उत्सव पर जड़ी बूटी दिवस मनाया गया तथा जन्मदिन के उपलक्ष्य पर पलारी नगर के योग कक्षा के सभी बहनों द्वारा गायत्री मंदिर परिसर में जड़ी बूटी पौधों का वितरण किया गया, जिसमें गिलोय, पत्थरचट्टा, पारिजात, एलो वेरा, पानपत्ता, तुलसी आदि पौधों का वितरण करके जड़ी बूटी दिवस मनाया गया तथा शाम को भजन कीर्तन के साथ रामायण मंडली एवं योग कक्षा की महिलाएं सम्मिलित होकर भजन कीर्तन के साथ जड़ी बूटी उत्सव को धूमधाम से मनाया गया। जड़ी बूटी दिवस एवं पर्यावरण के संरक्षण के तहत जड़ी बूटी दिवस में जिला प्रभारी मीना साहू, तहसील प्रभारी हेमलता कन्नौजे, ख़ुमेश्वरी वर्मा, मधुरानी सरशिहा, उत्तरा दिवान, ममता साहू, तनु साहू, दुर्गा वर्मा, दीक्षा वर्मा, नीरा वर्मा, पूर्णिमा चंद्राकर, विभा चंद्राकर, रेणुका बारले, रमेश वर्मा, गायत्री रामायण महिला मंडली समिति की अध्यक्ष तारा देवी साहू एवं सदस्य शामिल हुए।



## सरसीवां में बच्चों को बीमारियों और उससे बचाव की दी गई जानकारी

# सीएमएचओ की टीम ने किया दौरा, 190 छात्रों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला की टीम ने समीपस्थ हायर सेकेंडरी स्कूल रायकोना के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य को लेकर कई बिंदुओं पर जानकारी दी। विद्यालय में 3 बच्चों के आयुष्मान कार्ड नहीं बनने की जानकारी मिली। 7 बच्चों में सिकलसेल पॉजिटिव पाए गए।

डॉ निराला ने कहा कि यदि खून की कमी के बचाव को देखे तो अच्छे संतुलित आहार के साथ आयरन गोली की पूरक आहार लेने से ठीक किया जा सकता है। आयरन की गोली 10 वर्ष से 19 वर्ष के बीच जो नीले रंग की होती है। प्रति मंगलवार को प्रार्थना के बाद खिलाई जाती है। गोली नोडल टीचर्स या कक्षा शिक्षक की उपस्थिति में खिलाई जाती है। ऐसे वर्ष में 52 गोली खानी होती है। इस गोली को खाने के समय दूध या दूध का बना हुआ सामान 2 घंटे पहले या बाद में न ले या फिर कैल्शियम की गोली साथ में नहीं खानी चाहिए। इससे आयरन की अवशोषण सही नहीं होती। घर में मिलने वाले भोजन को भी संतुलित आहार जिसमें सभी अवयव प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन, खनिज लवण तथा पर्याप्त पानी की मात्रा को नियमित ग्रहण करने से रक्त अल्पता या अन्य बीमारियां कम ही होगी।



**प्राचार्य ने स्वास्थ्य विभाग के प्रयास को सराहा :** इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि ऐसी जानकारी इस विद्यालय में किसी अधिकारी के द्वारा पहली बार दी गई है। जानकारी काफी शिक्षाप्रद है और सभी लोगों स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहेंगे। शिक्षक के साथ सभी विद्यार्थियों ने अच्छा अनुभव बताएं। इस अवसर पर लगभग 190 विद्यार्थी की उपस्थिति में सीएचओ डाली साहू, आरएचओ महिला अंजू लहरे, प्रभारी प्राचार्य एल पी साहू, नागेश कोशले, मंजू लता वर्मा, प्रमिला खटकर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### तंबाकू उत्पादों से दूर रहने की सलाह

डॉ निराला ने कृमि रोग, सिकलसेल, टीबी, कुष्ठ रोग की जानकारी दी तथा तंबाकू उत्पाद की आदत छोड़ना आवश्यक बताया । विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों के प्रश्न के उत्तर में डॉक्टरों ने बताया कि उनके घर परिवार में कोई न कोई सदस्य है जो तंबाकू का प्रयोग सहित बीड़ी, सिगरेट या धुआं रहित गुड़ाखू के रूप में लिया जा रहा है जो एक चिंताजनक स्थिति है। काउंसलिंग करके तंबाकू , बीड़ी सिगरेट, गुटखा छुड़ाने के लिए आवश्यक पहल जरूरी है।

## मां के नाम बच्चों ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक शाला नहरडीह में त्रैमासिक बैठक और हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक पहल देश हरा भरा खुशहाल व पर्यावरण संतुलन बेहतर बना रहे। वृक्षारोपण में एक पेड़ मां के नाम नन्हें विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर एक नई मिसाल पेश की। इस कार्यक्रम में जहा बच्चों ने प्रधानाचार्य एवं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सरिता वर्मा ने बच्चों को वृक्ष के महत्व और उनके लाभों की जानकारी दिया। इस कार्यक्रम में स्कूल का प्रधानाचार्य सरिता वर्मा, शिक्षक प्रदीप खूंटे, स्कूल सदस्य कामता साहू, आमीन मानिकपुरी, संतोष मानिकपुरी, दिलीप साहू, राधिका, चंद्रकला, दीपांजली, हेमीन, पीलाबाई, व स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 अगस्त 2025 SHOW TIME
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 12,3,6,9 बजे
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय 12:00, 3:00 बजे
सैयारा
शो समय - 6:00, 9:00 बजे
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### गीतांजलि पंकज को मिली पीएचडी की उपाधि



**भाटापारा।** नगर की बेटी गीतांजलि पंकज ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर परिवार को गौरवान्वित किया है। उनका शोध विषय स्वयं सहायता समूह के द्वारा महिला सशक्तिकरण पर अध्ययनः बिलासपुर जिले के विशेष संदर्भ में था। उनके पिता, रिटायर्ड प्रिंसिपल उदय प्रसाद पंकज, और माता लक्ष्मी पंकज ने हमेशा उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। गीतांजलि ने सीजी टेट और सीजी सेट जैसी योग्यताएँ भी हासिल की हैं और कॉलेज व यूनिवर्सिटी में गेस्ट लेक्चरर के तौर पर अपनी सेवाएँ दी हैं। वर्तमान में वह एक सरकारी सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल में कार्यरत हैं। अपनी इस उपलब्धि से पहले उन्होंने 150 से अधिक सेमिनार और वेबिनार में भाग लिया है। समाजसेवी अरुण छाबड़ा समेत अनेक लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### हजारीलाल छाबड़िया को 9वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**भाटापारा।** नगर रत्न, सिंधु गौरव हजारीलाल छाबड़िया वरिष्ठ समाजसेवी जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सेवा, संस्कार, धार्मिक परम्पराओं, मर्यादाओं को जीवित रखने के लिए समर्पित किया, समाज के मुखिया, राजनैतिक के विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी सेवाभाव, मृदभाषी व सहज सरल स्वभाव से आम जनमानस में अपनी विशेष छाप छोड़ी। 4 अगस्त को 9 वीं पुण्यतिथी के अवसर पर प्रेमप्रकाश मंडल द्वारा संचालित अन्न क्षेत्र जिसमें प्रतिदिन गरीबों को भोजन खिलाने अनवरत सेवा की जा रही है उसमें भोजन की सेवा परिवार द्वारा की गई एवं स्व. हजारी लाल छाबडिया की सेवाओं को याद करते हुए पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश बालानी, पूज्य बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष भीषम गुरयानी नंदलाल तनवानी, सहित चन्द्रपाल बागवानी, तुलसीदास आर्य, सुशील सबलानी, पं. प्रेम शर्मा, किशोर दावानी, गोपी पारप्यानी, पूरन शोभवानी, राधाकिशन थारानी, ताराचंद किंगरानी, जयराम बजाज, सुरेश वाधवानी, नितिन भोजवानी व समाजजनों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### मीलूराम की याद में गांव को पानी टंकी समर्पित

**महासमुंद।** श्रावण माह के पावन पर्व पर ग्राम रामसागरपारा (पटेवा) में 4 अगस्त को स्व. मीलू राम यादव की स्मृति में शीतला माता मंदिर के पास सार्वजनिक पानी टंकी का शुभारंभ बीटगार्ड दिलीप यादव एवं वरिष्ठ नागरिक आनंद यादव के हाथों से हुआ।

## पर्व : सावन के अंतिम सोमवार पर उमड़े श्रद्धालु, कई सालों से चली आ रही परंपरा: नपाध्यक्ष

# भोलेबाबा की महाआरती, जयकारों से गूंजा रामसागर तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर कसडोल में शिव की महाआरती किया जा रहा है।आपको बता दे कि सावन के अंतिम सोमवार को श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर समिति के साथ नगरवाशियों के द्वारा नगर के रामसागर तालाब स्थित शिव मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर सहित आस पास के गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाआरती में शामिल हुए। गौरतलब है कि सर्वप्रथम नगरवासियों द्वारा सावन मास में शिव मंदिर परिसर में रुद्र अभिषेक, शस्त्र धारा का आयोजन किया गया इसके बाद अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ के अलावा माँ गंगा की 1 घंटे की भव्य महाआरती किया गया। इस दौरान नगर की खुशहाली की कामना किया गया। इधर मौजूदा नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि कुश की नगरी कसडोल में सावन की पवित्र माह में हमारे नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भव्य महाआरती कार्यक्रम पिछले कई वर्ष से रखा जा रहा है इस वर्ष और भी भव्य हमारे समितियों के सदस्य द्वारा आज कसडोल के आमजनता शामिल हुए है मै कुश की नगरी कसडोल में समस्त श्रद्धालुओं का स्वागत अभिनंदन करता हूँ।





### हमने की थी महाआरती की शुरूआतः पूर्व अध्यक्ष

नगर पंचायत कसडोल की पूर्व अध्यक्ष नीलू चंदन साहू ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य गंगा महाआरती हुआ जिसमें पूरे नगरवासियों ने हिस्सा लिया ये पिछले 5 वर्ष से हो रहा है सर्वप्रथम 2020 में मैने शुरुवात किया था और प्रतिवर्ष महाआरती हो रहा है ये सब नगरवासियों के सहयोग और भोलेनाथ का आशीर्वाद से हो रहा है, यह आयोजन मंदिर में पूजा करने वाले पुजारी और समितियों के लोगों के वजह से आज कुश की नगरी कसडोल में भव्य गंगा महाआरती हुआ है। इसके अलावा नगर के भावेश यादव ने कहा कि भगवान के लिए सब दिन एक होता है लेकिन सावन का पर्व भगवान भोलेनाथ के लिए विशेष होता है इस कारण आज कई वर्षों से शिव भगवान द्वार पर भव्य महाआरती किया गया है।



## शिव मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, निकली भव्य कांवड़ यात्रा





**भटगांव** । श्रावण सोमवार के अंतिम सोमवार को शिव मंदिरो मे शिव भक्तो का भिड़ सुबह से लेकर शाम तक लगा रहा, वहीं बोल बम एवं शिव भक्तो ने विभिन्न मंदिरो मे भगवान शिव का रुद्रा अभिषेक और विधिवत पूजा अर्चना करते नजर आये। बोलबम कावड़ यात्रा मे भटगांव के सैकड़ो भक्तो ने 11 किलोमीटर पैदल यात्रा कर शोभा यात्रा निकाली। बोलबम कावड़ यात्रा में भटगांव व क्षेत्र के सैकड़ो शिव भक्तो ने शामिल होकर लगभग 11 किलोमीटर पैदल यात्रा कर सलिहाघाट महानदी का जल भरकर पुरे नगर का भ्रमण करते हुए पंच मुखी शिव मंदिर पंहुचा। कावड़ यात्रा मे विशाल शिवलिंग और लगभग 41 फ़ीट शेषनाग की झांकी, पालकी यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई और बैंड बाजे गाजे और डी जे के साथ भगवान शिव के गीत के धुन मे नृत्य करते हुए नगर के दुर्गा मंदिर चौक से बस स्टैंड, देवांगन मोहल्ला, नया हटरी, पुराना हटरी, ब्राह्मण पारा होते हुए शिव मंदिर पंहुचा जहाँ सैकड़ो भक्तो ने एक साथ भगवान शिव को जल चढ़ाकर बड़े ही श्रद्धा भक्ति से पूजा अर्चना किये।

### मंदिर और चौक चौराहो में हुआ प्रसाद वितरण

भटगांव के मंदिरो और चौक चौराहो मे शिव भक्तो ने विभिन्न प्रकार के प्रसाद वितरण किये जहाँ बिर्रा मोड़ दुर्गा मंदिर के पास खिचड़ी, केशर जी मार्ट के पास खीर पूड़ी, बस स्टैंड मे खीर पूड़ी, मौली माता चौक मे खीर पूड़ी, केला सेव तथा शनि मंदिर चौक मे प्रज्ञा इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर के. पी. पटेल द्वारा पानी पाउच एवं बूँदी प्रसाद वितरण करवाया, जहाँ उनके मित्रो नर्सिंगनाथ साहू, रबी साहू, बादल पटेल, प्रखर पटेल, प्रज्ञा पटेल एवं सुरेश रघु ने प्रसाद वितरण मे सहयोग प्रदान किया।

# भाटापारा में निकली बाबा महाकाल की शाही पालकी, उमड़ा जनसैलाब



**भाटापारा।** सावन के चौथे और अंतिम सोमवार को भाटापारा में श्री बाबा महाकाल की शाही पालकी निकाली गई। उज्जैन की तर्ज पर निकली इस पालकी यात्रा में नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। दोपहर 4 बजे मंदिर प्रांगण से शुरू हुई यह यात्रा नगर के प्रमुख हिस्सों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुँची, जहाँ भक्तों ने जयकारों के साथ बाबा का स्वागत किया।

सावन के पूरे महीने श्री महाकाल मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और नित नए श्रृंगार का सिलसिला चलता रहा। चौथे सोमवार को इस अवसर को यादगार बनाने के लिए मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्थाएँ की थीं। इस दौरान पालकी में उज्जैन और डोंगरगढ़ की अघोरी टीमों द्वारा आकर्षक झांकियाँ निकाली गईं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मंदिर परिसर में बाबा का आह्वान किया।

- सावन के अंतिम सोमवार पर हुआ विशेष श्रृंगार, अघोरी झांकियों ने किया आकर्षित

**भक्तों को खूब भाया नया स्वरूप:** सावन के महीने में बाबा महाकाल के नित नए स्वरूप के दर्शन से भक्त अभिभूत हो रहे थे। प्रत्येक सोमवार को बाबा का विशेष श्रृंगार किया जा रहा था, जो भक्तों को बहुत पसंद आ रहा था। चौथे सोमवार को भी विशेष पूजा-अर्चना के बाद बाबा का सांयकाल श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में मौजूद थे।

**प्रसादी का वितरण और सुरक्षा के इंतजाम:** इस भव्य आयोजन के दौरान मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। साथ ही, यात्रा के दौरान और मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। पुलिस प्रशासन ने भी भीड़ को नियंत्रित करने में सहयोग किया।

## शिवालयों में उमड़ा का जनसैलाब बोल बम के नारों से गूंजा क्षेत्र



**खरोरा ।** भगवान शिव की भक्ति और आराधना को समर्पित पावन मास सावन का अंतिम सोमवार है। अंतिम सोमवार ही दिन क्षेत्र के से मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। वही ग्राम केसला के श्री राम जानकी मंदिर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। श्रावण मास का अंतिम सोमवार है, मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा हुआ था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने से मंदिर पहुंचे शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों से नजर आ रहे हैं। सावन सोमवार पर मौना पंचमी और शोधन योग बन रहे हैं। दुर्लभ संयोग में पूजा अर्चना करने से अपार सुख-समृद्धि और सौभाग्य मिलता है। शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे।



# हिरमी के शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**हिरमी रावन** । सावन माह के चौथे व अंतिम सोमवार को हिरमी के गायत्री स्थित महाकालेश्वर समेत देवालयों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी। प्रोजेक्ट कालोनी हिरमी में सुबह से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया। हर तरफ जय महादेव... बम-बम भोले के जयकारे सुनाई दिए। महादेव का प्रिय महीना सावन और इस सावन का अंतिम सोमवार को यह सोमवार बेहद खास था। इसलिए आज पूरा दिन ॐ नमः शिवाय का जप करना बेहद फलदायी माना गया है।

- सावन के अंतिम सोमवार पर गूंजे 'बम-बम भोले' के जयकारे
- महाआरती के बाद हुआ भंडारा

सुबह से ही शिवालयों में भक्तों का तांता लगा हुआ था, इस दौरान भक्त सुबह से शिवभक्ति में लीन नजर आए। भगवान शिव और मां पार्वती कि विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई, माना जाता है कि सवान के सोमवार का व्रत करने से भगवान शिव भक्तों से प्रसन्न होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि की अपार कृपा बरसती है। मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जिन लोगों को पुत्र प्राप्ति, विवाह में बाधा या कोई रुकावट है, तो ऐसे में सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ को एक लोटा जल चढ़ाने से सभी बाधाएं दूर होती हैं, मनोकामना पूर्ण होती है और भगवान भोलेनाथ भी प्रसन्न होते है। श्रद्धा-भाव से महादेव का पूजन करें और उनकी कृपा पाएं, जलाभिषेक करते हुए ॐ नमः शिवाय का नाम जप करें।



### रुद्राभिषेक और हवन का आयोजन

सावन के पवित्र माह के अंतिम सोमवार को हिरमी प्रोजेक्ट कालोनी मे ईशा जीवन वर्मा, रोशनी हुलास देवांगन, शैल विजय वर्मा, शेखर वर्मा, नरेश यादव, पंकजा महेश बाजपाई समस्त कालोनी वाशी ने मिलकर नर्मदेश्वर मंदिर में रूद्र अभिषेक कर देवादी देव महादेव का रूद्र अभिषेक एवं हवन किया गया। जिसमे मुख्य यजमान पूनम रेवेन्द्र साहू, बसंत ठाकुर आदि ने मिलकर किया, महारती के बाद भोग भंडारा किया।

### दशरमा में बनेगा भगवान शिव का मंदिर

रिसदा । पवित्र सावन मास के चतुर्थ सोमवार को जय भोले बोल बम सेवा समिति द्वारा ग्राम के छोटे बांधा तालाब में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से निर्मित होने वाले शिव मंदिर निर्माण का भूमि पूजन एवं रुद्राभिषेक पूजा संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच मधु नीलकंठ साहू, अध्यक्षता उपसरपंच मोहन लाल पैकरा, पंच शिवदयाल यदु, चंदू नेताम, समिति के सदस्य भोला नेताम, छोटू देवांगन, हेमसिंग ध्रुव, कुंभकरण साहू, बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## हिरमी में शिव महापुराण कथा का पूर्णाहुति के साथ समापन, भक्ति में झूमे श्रद्धालु

# स्वच्छता और शांति में होता है देवताओं का वासः देवी राधिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से बाजार चौक स्थित बालाजी मंदिर परिसर में 29 जुलाई से आयोजित शिवपुराण कथा का समापन 4 अगस्त को पूर्णाहुति के साथ हुआ। शिवपुराण के कथा वाचिका देवी राधिका के सानिध्य में संपन्न किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मनगरी हिरमी की महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। कथा वाचिका ने अंतिम दिन की कथा सुनाते हुए भक्तों से कहा कि शिव के महात्मय से ओत-प्रोत यह पुराण शिव महापुराण के नाम से प्रसिद्ध है।



भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। इनका एक नाम भोला भी है। अपने नाम के अनुसार ही बड़े भोले-भाले एवं शीघ्र ही प्रसन्ना होकर भक्तों को मनवाँछित फल देने वाले हैं। देवी राधिका ने श्रद्धालुओं से कहा कि धार्मिक आयोजनों में भावनाएं होनी जरूरी है। सगुण, साकार सूर्य, चंद्रमा, जल, पृथ्वी, वायु यह एक शिव पुराण का स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि अपने चारों ओर सदैव वातावरण शुद्ध रखें। जहां स्वच्छता और शांति होती है, वहां देवताओं का वास होता है। जल, वायु, पेड़ एक चेतन से लेकर जड़ चेतन में आकर एक-दूसरे के सहायक बनते हैं। जहां अधार्मिकता बढ़ जाती है और कर्म को भूल जाते हैं, वहां शिव और शक्ति दोनों नहीं होते। शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव ही मनुष्य को सांसारिक बन्धनों से मुक्त कर सकते हैं, शिव की भक्ति से सुख व समृद्धि प्राप्त की जा सकती है। आगे कहा कि इस अलौकिक शिवपुराण की कथा सुनना अर्थात पाप से विमुक्त होना है। आयोजित शिव महापुराण में कथा को सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुचे। कथा सार सुनकर श्रोता झूम उठे।

### सती कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोता

पूर्णाहुति के पूर्व शिवपुराण के कथा वाचिका देवी राधिका ने शिव महापुराण कथा का सार बताया। उन्होंने कहा कि अपने अभिमान में चूर होकर दक्ष प्रजापति ने कनखल में यज्ञ किया। इसमें सभी देवों व ऋषि मुनियों को आमंत्रित कर उन्होंने भगवान शिव की उपेक्षा की। इसकी सूचना सती को अपनी सहेलियों से मिली, इसके बाद शिव के समझाने के बाद भी वे यज्ञ में पहुंच गई। वहां देखा कि भगवान शिव का अपमान हो रहा है। पूछने पर राजा दक्ष ने सती का भी अपमान किया। नाराज सती ने यज्ञ कुंड में ही अपना शरीर त्याग दिया। यह जानकारी जब शिव को हुई, तब वे रौद्र रूप में आ गए और उन्होंने अपने गणों की मदद से कनखल को तबाह कर दिया। कथा के इस प्रसंग को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। पूर्णाहुति महाआरती के पश्चात भण्डारा किया।

